हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 18 मार्च 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



## उमस भरी गर्मी ने किया हलाकान

**बिलासपुर।** जहां एक ओर गर्मी दिन ब दिन बढ़ रही है, वहीं गर्म हवा चलने के बाद अब आसमान पर बादल छाने लगे हैं। दोपहर 3 बजे के बाद बादलों ने आसमान को ढक लिया, इस दौरान सूरज की चमक थोड़ी कम रही, जिसके चलते तापमान में मामूली कमी देखी गई। हालांकि यह महज 2-4 दिनों की राहत है लेकिन इसके बाद अधिकतम तापमान में तेजी से इजाफा होना तय है। सोमवार को सुबह से ही तेज धूप निकली, दोपहर 12 बजे तक सूरज की चमक जबरदस्त रही, अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री पर पहुंच गया। इस दौरान करीब 30 से 40 किमी प्रति घंटें की रफ्तार से हवा चलने की आशंका बनी हुई है, वहीं कुछ इलाकों में बुदांबांदी भी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में पारा 40 डिग्री के पार जा सकता है।

### खबर संक्षेप

## आज आएंगे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**बिलासपुर।** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती 1008 का बुधवार 18 मार्च को बिलासपुर आगमन हो रहा है। वे



यहां पहुंचकर चिचिरदा में शाह निवास में रुकेंगे। कांग्रेस नेता राजेन्द्र शुक्ला ने बताया की दोपहर 1 से 2 बजे के बीच स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद नगर पालिका बोदरी के नवनिर्माणाधीन परशुराम भवन पंचदेवी फ्यूल्स के बगल में समग्र ब्राह्मण समाज द्वारा निर्मित भवन में आरती पूजन एवं दर्शन का कार्यक्रम होगा। इसके बाद वे चकरभाटा एयरपोर्ट से प्रयागराज के लिए रवाना होंगे। उन्होंने समस्त सनातनी समाज के श्रद्धालुजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्री शंकराचार्य स्वामी का दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

## जिला फेडरेशन का प्रदर्शन आज

**बिलासपुर।** 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला फेडरेशन भोजना अवकाश में 18 मार्च को विरोध प्रदर्शन करेगा। फेडरेशन के महासचिव किशोर शर्मा ने बताया कि प्रांतीय निकाय के अहवाहन पर जिला फेडरेशन द्वारा 18 मार्च बुधवार को 11 सूत्रीय मांगों को पूर्ण कराने की मांग को लेकर भोजनाअवकाश में मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छग शासन के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौपा जाएगा।

### गैस कंपनियों का दावा ओटीपी जारी होने के बाद हर हाल में होगी डिलीवरी

# केवायसी नहीं होने का बहाना, बुकिंग के बाद भी सिलेंडर की डिलीवरी में आनाकानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





केवायसी अपटेड नहीं होने का बहाना बनाकर गैस एजेंसियों के द्वारा उन ग्राहकों को भी गैस सिलेंडर की डिलीवरी नहीं दी जा रही है, जिन्होंने न केवल गैस की ऑनलाईन बुकिंग करवा ली है, बल्कि ओटीपी भी प्राप्त कर ली है। जबकि गैस कंपनियों का साफ तौर पर कहना है कि जिन ग्राहकों ने बुकिंग के बाद ओटीपी प्राप्त कर ली है, उन्हें हर हाल में सिलेंडर की डिलीवरी दी जाएगी।

गैस खत्म होने के बाद नया गैस लेने के लिए अपनी एजेंसियों के बुकिंग नंबरों पर गैस रिफिल ऑनलाईन बुक करने एवं ओटीपी प्राप्त करने के बाद भी उपभोक्ताओं को गैस की डिलीवरी देने से मना करने के मामले सामने आ रहे हैं। इसके पीछे गैस एजेंसियों के द्वारा संबंधित उपभोक्ता के द्वारा ई-केवायसी नहीं कराया जाना बताया जा रहा है। अब सवाल यह है कि जिन उपभोक्ताओं को आज ई-केवायसी नहीं होने के कारण सिलेंडर की डिलीवरी देने से मना किया जा रहा है, उन्हीं उपभोक्तओं को गैस एजेंसियां ई-केवायसी नहीं होने के बाद भी बीते कई सालों से सिलेंडर की डिलीवरी करती आ रही हैं। आज जब पूरे देश में गैस सिलेंडर के लिए मारामारी मची हुई है, तब गैस एजेंसियों को ई-केवायसी के बगैर सिलेंडर दे ही नहीं पाने की बात याद आ रही है।

### ओटीपी नहीं तो गैस नहीं

वर्तमान में गैस सिलेंडर के लिए जिस तरह मारामारी है उसे ध्यान में रखकर सरकार द्वारा एक व्यवस्था बनाई गई है। इसके अंतर्गत गैस बुकिंग करने वाले प्रत्येक ग्राहक को ओटीपी जारी किया जा रहा है और इसके आधार पर ही गैस सिलेंडर की डिलीवरी दी जा रही है। बगैर ओटीपी के गैस एजेंसियों के द्वारा किसी भी ग्राहक को सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है, जो ठीक भी है। यही कारण है कि अपनी दुकान चलाने के लिए गैस एजेंसियों से ब्लैक में घरेलू गैस खरीद लेने वाले दुकानदारों के भी पसीने छूट रहे हैं, क्योंकि गैस एजेंसियों के द्वारा किसी और की ओटीपी जुगाड़ किए बगैर ब्लैक में भी किसी को सिलेंडर दे पाना कठिन साबित हो रहा है।



फाइल फोटो

### कहां खपेगा ऐसे उपभोक्ताओं का सिलेंडर?

जिन उपभोक्ताओं को ओटीपी जारी होने के बाद भी ई-केवायसी नहीं होने की बात पर सिलेंडर की डिलीवरी नहीं दी जा रही है उनके हिस्से की गैस कहां खपाई जाएगी? क्या ऐसे उपभोक्ताओं के सिलेंडर ब्लैक में बेचे जाने की तैयारी है? जिला प्रशासन को इन सभी विषयों पर बारीकी से जांच करने की जरूरत है।

### ओटीपी देने के बाद सिलेंडर मिलना चाहिए

वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए किसी भी गैस एजेंसी के द्वारा ओटीपी जारी होने के बाद गैस की डिलीवरी देने से किसी भी उपभोक्ता को मना नहीं किया जा सकता, लेकिन उपभोक्ताओं को ई-केवायसी कराने में परेशानी क्या है? ई-केवायसी सरकार के निर्देशानुसार कराई जाने वाली एक अनिवार्य प्रक्रिया है, जिसे सबको कराना चाहिए।

- हेमप्रकाश साहू, नोडल अधिकारी आईओसीएल



आरोपी

### सिलेंडर अभियान

### अवैध परिवहन करने वालों के खिलाफ आरपीएफ ने की कार्रवाई

# सात दिन में तीन आरोपी गिरफ्तार

आरपीएफ की टीम ने सिलेंडर अभियान के साथ आपरेशन संरक्षा के तहत अभियान चलाकर सात दिन के अंदर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर सिलेंडर जब्त किया है। अवैध परिवहन करने वाले आरोपियों के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। शहर और ग्रामीण एरिया के साथ अब रेलवे स्टेशन और लंबी दूरी की ट्रेनों के पेंट्रीकार में भी सिलेंडर अभियान चलाया जा रहा है। इसमें कामर्शियल टीम के साथ आरपीएफ की टीम भी लगातार जांच कर रही है। वहीं लगातार आग लगने की घटना के कारण रेलवे बोर्ड ने भी पेंट्रीकार में सिलेंडर से भोजन व नाश्ता बनाने पर पहले ही प्रतिबंध लगा दिया है, जिसके बाद एचओजी से मिलने वाले करंट यानि हीटर का उपयोग भोजन व नाश्ता बनाने के लिए किया जा रहा है। देश के सभी एरिया में सिलेंडर की मारामारी शुरु हो गई है। जिला प्रशासन के साथ अब रेलवे की टीम भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर से चलने वाली और आने-जाने वाली ट्रेनों में आपरेशन संरक्षा के तहत चेकिंग करना शुरु कर दी है। एसईसीआर के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में मंडल के सभी पोस्ट, विशेष टीम व राज्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर चेकिंग की जा रही है। इस अभियान में रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने 12810 हावड़ा-मुम्बई मेल के स्लीपर कोच एस 3 में एक यात्री मुंगेली निवासी प्रकाश श्रीवास 34 साल को, 51712 ट्रेन में एक महिला यात्री मंडल मध्यप्रदेश निवासी दीपाली ठाकुर 24 साल को, 68714 मेमू लोकल में बालाघाट निवासी अक्षय मेश्राम 25 साल को सिलेंडर का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा है।

# पांच दिन ठप रहेगा सर्वर, दो दिन में कैसे बांटेंगे अनाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

21 से 25 मार्च तक सर्वर में खराबी के कारण पीडीएस अंतर्गत राशनकार्ड धारियों को खाद्यान्न का वितरण नहीं किया जा सकेगा। ऐसे में सारे राशन दुकानदारों से बीस मार्च तक खाद्यान्न का वितरण पूरा कर लेने की बात कही गई है। दिक्कत यह है कि आज की स्थिति में 51 प्रतिशत कार्डधारियों ने ही राशन का उठाव किया है, वहीं 49 प्रतिशत लोग उठाव के लिए शेष हैं, जबकि 18 से 20 मार्च के बीच केवल तीन दिनों के भीतर ही खाद्यान्न का उठाव करना है।

- हलाकान होगी पब्लिक

राशन दुकानों से अब तक अपना खाद्यान्न नहीं ले पाने वाले राशन कार्डधारियों के लिए यह महत्वपूर्ण खबर है। 21 से 25 मार्च के बीच सर्वर में खराबी के कारण खाद्यान्न का वितरण नहीं किया जा सकेगा। ऐसे में सारे राशन दुकानदारों को निर्देश हैं कि वे 18, 19 एवं 20 मार्च को अपने कार्डधारियों को खाद्यान्न का वितरण कर दें। इन तीन दिनों में खाद्यान्न नहीं ले पाने की दशा में कार्डधारी 21 से 25 मार्च तक लगातार पांच दिनों तक खाद्यान्न नहीं ले पाएंगे।

जिले में राशन कार्डधारियों की संख्या 5 लाख 52 हजार 817 है, जिनमें से 2 लाख 85 हजार 419 कार्डधारियों ने अब तक अपना खाद्यान्न प्राप्त कर लिया है। ऐसे में लगभग आधे कार्डधारियों को अगले तीन दिनों में अपना खाद्यान्न प्राप्त करना होगा। हालांकि इतनी बड़ी संख्या का इतने कम दिनों में राशन ले पाना संभव नहीं है, लेकिन नहीं ले पाने की स्थिति में पांच दिनों का इंतजार भी करना होगा।

### दिए गए हैं निर्देश

सर्वर ठप होने के कारण 20 मार्च तक खाद्यान्न वितरण के निर्देश दिए गए हैं। 51 प्रतिशत लोगों ने खाद्यान्न का उठाव कर लिया है। अगले तीन दिनों में भी काफी कार्डधारी खाद्यान्न का उठाव कर लेंगे।

-अमृत कुजूर
खाद्य नियंत्रक



## खबर संक्षेप

### महाअष्टमी पर 26 को पं. मेहता बताएंगे 'राम का सहज आनंद'



**बिलासपुर।** महा अष्टमी के अवसर पर इस बार श्री हनुमान समिति का आयोजन खास रहने वाला है। 26 मार्च गुरुवार को शाम 6 बजे महामाया मंदिर परिसर, नगोई (बैमा) में श्री हनुमान महापाठ का 16वां वर्ष और देश का 107वां वर्ष मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रख्यात जीवन प्रबंधन गुरु पंडित विजय शंकर मेहता व्याख्यान देंगे। वे 'रामु सहज आनंद विधानू' विषय पर श्रीराम के स्वभाविक आनंद स्वरूप को सरल और प्रेरक अंदाज में समझाएंगे। समिति के मुख्य संरक्षक बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला हैं। संरक्षक मंडल में अशोक अग्रवाल, अनिल खंडेलवाल, राम अवतार अग्रवाल और प्रवीण झा शामिल हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होकर महापाठ का लाभ लेने की अपील की है।

### नवसृजन मंच ने पूजा को छत्तीसगढ़ महतारी अलंकरण से किया सम्मानित



**बिलासपुर।** नवसृजन मंच छत्तीसगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ महतारी अलंकरण सम्मान 2026 का आयोजन रायपुर में किया गया। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी जांजगीर पूजा अग्रवाल को राज्यस्तरीय छत्तीसगढ़ महतारी अलंकरण सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। पूजा का चयन उनके द्वारा राज्यस्तरीय आनलाइन वेबिनार के माध्यम से विधिक जागरूकता करने निरंतर लीगल अवेयरनेस प्रोग्राम,हेल्थ एवं हाइजीन अवेयरनेस प्रोग्राम, पर्यावरण संरक्षण, इत्यादि कार्य ऑनलाइन करने की लिए किया गया।

### एसपी आफिस के स्टेनो साहू सेवानिवृत्त, चंद्रा को प्रभार

**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह ने एस पी आफिस में पदस्थ स्टेनो साहू के सेवानिवृत्त होने पर सवा महीने बाद स्थापना शाखा प्रभारी एसआई चंद्रा को प्रभारी स्टेनो बनाया है। एसपी आफिस में पदस्थ स्टेनो बृजबिहारी साहू विगत 31 जुलाई 2026 को पुलिस सेवा से सेवा निवृत्त हो गए थे। वे एसपी आफिस में स्टेनो के पद पर करीब 25 साल से पदस्थ थे। सेवानिवृत्त होने के बाद सवा महीने तक चार्ज देने के लिए सेवाएं दे रहे थे। उनके स्थान पर नए स्टेनो की पदस्थापना नहीं हुई है। 17 मार्च को एसएसपी रजनेश सिंह ने एसपी आफिस के स्थापना शाखा प्रभारी एसआई ओसंत कुमार चंद्रा को स्टेनो 1 जिला पुलिस कार्यालय के पदस्थ अस्थाई रूप से संबद्ध किया है। एसआई चंद्रा अब स्टेनो का कार्य देखेंगे।

### एसएसपी ने किया 13 पुलिस कर्मियों का तबादला

**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से प्रधान आरक्षक ललित खलखों का पुलिस लाइन से यातायात, प्रहलाद साहू का कोटा से यातायात, उमाशंकर राठौर का तोरवा से कोटा, विजय कुजूर का सिरगिट्टी से तोरवा, महिला प्रधान आरक्षक मृदुलता चौबे का पुलिस लाइन से सिरगिट्टी, आरक्षक तमेश्वर प्रसाद कौशले यातायात से पुलिस लाइन, मनोज कुमार पाण्डवार का यातायात से पुलिस लाइन, गौरव सोनवानी का यातायात से सरकण्डा, सनत कुमार राठौर का यातायात से पुलिस लाइन, संदीप कुमारअनंत का यातायात से पुलिस लाइन, हितेन्द्र साहू का सरकण्डा से यातायात, रमाकांत कश्यप का पुलिस लाइन से यातायात, आरक्षक चालक तुलेश्वर चंद्रा का मस्तूरी से यातायात थाना क्रेन चालक के पद पर तबादला किया गया है।

### लोक अदालत में 3 हजार प्रकरण निबटे बिजली विभाग ने वसूले साढ़े 4 करोड़

**बिलासपुर।** लोक अदालत में बिजली विभाग के 3 हजार से अधिक प्रकरण पहुंचे। इस दौरान बिलासपुर रीजन में 1276 प्रकरण से 1 करोड़ 67 लाख रूपए की वसूली की गई। वहीं सिटी सर्किल के 1856 प्रकरण से 2 रोड़ 91 लाख रूपए की राशि विभाग को मिल चुकी है। खास बात यह है कि आपसी समझौते के आधार पर पॉवर कंपनी के बिलिंग सबंधी, विद्युत चोरी, बकाया राशि तथा मुआवजा से संबंधित प्रकरणों का निदान किया गया है। ईडी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में बिलासपुर जिले के 3274 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जिसमें 4 करोड़ 75 लाख 21 हजार रूपए की बकाया वसूली मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना में बीपीएल, घरेलू और कृषि श्रेणी के निम्नदाब उपभोक्ताओं को बिजली बिल के सरचार्ज (अधिभार) में 100 प्रतिशत तक छूट का लाभ लिया जा सकता है।उपभोक्ता आधिकारिक वेबसाइट या मोर बिजली एप के माध्यम से घर बैठे रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### वैभवी का नवोदय में चयन सैनिक स्कूल में भी पाई सफलता



**बिलासपुर।** 13 दिसंबर 2025 में आयोजित नवोदय प्रवेश परीक्षा कक्षा 6 के लिए आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर वैभवी पटेल का चयन किया गया है। वे प्रशांत पटेल की सुपुत्री हैं। वैभवी का चयन नवोदय विद्यालय प्रवेश प्रवेश में जिला में सेकंड टॉप करने एवम सैनिक स्कूल प्रवेश में भी सफलता प्राप्त की है।

### राहगीरों व पशु-पक्षियों के लिए करें पानी की व्यवस्था

**बिलासपुर।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आमजन, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों एवं समाजसेवी संस्थाओं से कहा कि गर्मी के इस मौसम में राहगीरों, पशु-पक्षियों और गौवंश को पानी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, ऐसे में सभी को मिलकर उनके लिए पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों से प्रमुख स्थानों पर राहगीरों के लिए प्याऊ खोलने की अपील की है। उन्होंने आग्रह किया कि वे अपने घरों के बाहर टब, बर्तन या सकोरा में पानी भरकर रखें, जिससे पशु-पक्षियों, गौवंश और आवारा कुत्तों को पानी के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि हर वर्ष समाजसेवी संस्थाएं इस तरह के पुण्य कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं।

---

**प्रस्तावित पाठ्यक्रम के लिए** | **नए पाठ्यक्रमों की अनुमति शासन से लेनी होगी पहले**

# नए पाठ्यक्रम शुरू करने कालेजों को 30 जून तक विवि में देना होगा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गवर्नमेंट कालेजों को अगले सत्र अपने यहां नए विषय, पाठयक्रम शुरू करने के लिए शासन से पहले अनुमति लेनी होगी। उसके पश्चात कालेजों को नए पाठयक्रमों के संचालन और संबद्धता के लिए निर्धारित शुल्क के साथ 30 जून तक अटल यूनिवर्सिटी में आवेदन जमा करना होगा।

गवर्नमेंट कालेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में पूर्व से संचालित विषय, पाठयक्रम के लिए वार्षिक संबद्धता नवीनकरण के साथ ही कोई अतिरिक्त नया विषय या संकाय व छात्र संख्या में वृद्धि किए जाने का प्रस्ताव हो तो इस संबंध में शासन से अनुमति प्राप्त करके यूनिवर्सिटी को संबद्धता शुल्क की राशि के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 30 जून तक जमा करना होगा। यूनिवर्सिटी ने स्पष्ट किया है कि उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। गवर्नमेंट कालेजों के लिए यह प्रक्रिया पूर्ण कराने 30 जून निर्धारित किया गया है ताकि संबद्धता की प्रक्रिया एक निश्चित समय में पूरा हो सकें और विषय की संबद्धता के लिए अनुमति मिलने की स्थिति में छात्र-छात्रा समय से प्रवेश प्राप्त कर सकें।

इस बात को ध्यान में रखते हुए कालेजों को उक्त तिथि के पहले शासन से विषयों की अनुमति लेकर अटल यूनिवर्सिटी में आवेदन करना होगा। कालेजों का यह भी दायित्व होगा कि सत्र 2026-27 से पूर्व संचालित विषयों का नवीनीकरण शुल्क के लिए 31 जुलाई तक और नए विषयों के लिए निर्धारित संबद्धता शुल्क की राशि 30 जून तक यूनिवर्सिटी में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।



#### प्राइवेट कालेजों के लिए तिथि समाप्त

इसी तरह प्राईवेट कालेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में पूर्व संचालित विषय, पाठ्यक्रम के लिए वार्षिक संबद्धता नवीनीकरण के साथ कोई अतिरिक्त नए विषय, संकाय एवं छात्र संख्या में वृद्धि करने के लिए शासन से अनुमति पश्चात यूनिवर्सिटी में 28 फरवरी तक आवेदन जमा करना था। इसी तरह पूर्व संचालित विषयों का नवीनीकरण शुल्क 31 जुलाई 2026 तक एवं नए विषयों के लिए निर्धारित संबद्धता शुल्क की राशि 28 फरवरी तक यूनिवर्सिटी में जमा करना था। इस तरह प्राईवेट कालेजों को नए विषयों के संबद्धता शुल्क और आवेदन करने की तिथि समाप्त हो गई है।

---

**नेहरू चौक से दर्रीघाट तक होना है सड़क निर्माण**

# चकाचक हुई नेहरू चौक से गांधी चौक तक सड़क

**दो सिरों से हो रहा डामरीकरण, लोगों को मिली राहत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



नेहरू चौक से दर्रीघाट तक 32 करोड़ की लागत से बनाई जा रही सड़क के अंतर्गत यह सड़क अब कई स्थानों पर चकाचक नजर आने लगी है। लोक निर्माण विभाग द्वारा सुलभ आवागमन को ध्यान में रखते हुए अत्यधिक जर्जर वाले स्थान को प्राथमिकता में रखते हुए पहले डामरीकरण कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत कंपनी गार्डन के सामने, जूना बिलासपुर व गांधी चौक के आसपास डामरीकरण किया जा चुका है।

आवागमन के दौरान खराब सड़क के कारण विगत लंबे समय से हिचखोले खाने वाले शहरवासियों को नई सड़क को देखकर अब थोड़ा संतोष होने लगा है। नेहरू चौक से लेकर दयालबंद तक ज्यादा खराब हो चुके हिस्से में सड़क का डामरीकरण किया गया है। ज्ञात हो कि यह सड़क नेहरू चौक से बनाई जानी है जो शहर के देवकीनंदन चौक होते सदर बाजार, गोल बाजार, कोतवाली चौक, जूना बिलासपुर होते गांधी चौक व तोरवा चौक होते दर्रीघाट तक जाएगी। इसके अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा तिलकनगर रोड व कंपनी गार्डन के सामने न केवल डामरीकरण किया जा चुका है, बल्कि डिवाइडर का निर्माण भी तेज गति से किया जा रहा है। इसी तरह सड़क का डामरीकरण जवाली पुल, जूना बिलासपुर होते गांधी चौक व दयालबंद तक किया जा चुका है।

यह सड़क जूना बिलासपुर के आसपास बेहद जर्जर थी, जिसके सुधार के लिए स्थानीय व्यापारियों के द्वारा चक्काजाम तक किया जा चुका था। यहां न केवल लोगों को आवागमन में बेहद परेशानी हो रही थी, बल्कि लोग लगातार दुर्घटनाग्रस्त भी हो रहे थे। जर्जर सड़क पर दुपहिया व चारपहिया वाहनों की लगातार आवाजाही से उड़ती धूल के कारण व्यवसाइयों की सामग्री को भी लगातार नुकसान हो रहा था। यही कारण है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा प्राथमिकता में लेते हुए बेहद जर्जर वाले स्थानों का पहले डामरीकरण कराया गया है।

#### प्राथमिकता के आधार पर हो रहा काम

नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच बनाई जा रही सड़क के अंतर्गत शहर के भीतर कई स्थानों पर डामरीकरण किया जा चुका है। कुछ स्थानों पर सड़क कुछ ज्यादा जर्जर हालत में थी, जिससे शहरवासियों के सुलभ आवागमन को ध्यान में रखकर प्राथमिकता के आधार पर पहले डामरीकरण कराया गया है।

-सीएस विंध्यराज, ईई
पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

---

# आरटीई एडमिशन में बदलाव, कक्षा पहली की सीटें 9,375 से बढ़कर 19 हजार 489 हो गईं

**बिलासपुर।** छतीसगढ़ सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शिक्षा के अधिकार कानून के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह पुनर्गठित कर दिया है। अब नर्सरी या केजी के बजाय केवल कक्षा पहली को ही आरटीई के अंतर्गत प्रवेश का एकमात्र बिंदु तय किया गया है। छतीसगढ़ सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शिक्षा के अधिकार कानून के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह पुनर्गठित कर दिया है। अब नर्सरी या केजी के बजाय केवल कक्षा पहली को ही आरटीई के अंतर्गत प्रवेश का एकमात्र बिंदु तय किया गया है। इस फैसले का उद्देश्य सीटों के निर्धारण में पारदर्शिता लाना और आर्थिक रूप से कमजोर व वंचित वर्ग के बच्चों को वास्तविक लाभ दिलाना है।

पूर्व व्यवस्था में नर्सरी, केजी-1 और कक्षा पहली तीनों को प्रवेश कक्षा माना गया था। आरोप थे कि कुछ निजी स्कूल नर्सरी की सीमित क्षमता दिखाकर 25% आरटीई सीटों की संख्या कम दर्शाते थे, जबकि पहली कक्षा में अधिक सेक्शन संचालित कर सामान्य प्रवेश लेते थे। इससे आरटीई सीटों का सही आंकड़ा सामने नहीं आ पाता था। दूसरी ओर, कुछ छोटे स्कूल अपनी वास्तविक क्षमता से अधिक सीटें घोषित कर आरटीई प्रवेश बढ़ा लेते थे, जिससे गुणवत्ता और स्थिरता पर असर पड़ता था। बार-बार स्कूल बदलने की स्थिति में बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती थी। ध्यान रहे कि आरटीई में पात्रता के लिए पहले से ही कड़े नियम है। जिन अभिभावकों का नाम शहरी इलाकों में 2007 और ग्रामीण इलाकों में 2002 की जनगणना के अनुसार गरीबी रेखा की श्रेणी में या फिर 2011 की जनगणना के अनुसार गरीबी की श्रेणी में हो इसके तहत अंत्योदय कार्डधारी परिवार के नौनिहालों को नर्सरी और कक्षा एक में दाखिला दिया जाएगा।

#### इस तरह होगी नई व्यवस्था

अधिकारियों के मुताबिक अब सीटों का निर्धारण यू-डाइस पोर्टल पर दर्ज पिछली वर्ष की कक्षा पहली की वास्तविक छात्र संख्या के आधार पर किया जा रहा है। इससे गलत या भ्रामक जानकारी देने की गुंजाइश कम हो गई है। नई नीति के बाद आरटीई सीटों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2025-26 में कक्षा पहली के लिए 9,375 सीटें घोषित थीं। सत्र 2026-27 में यह संख्या बढ़कर 19,489 हो गई है। इसके अलावा, केजी-2 में अध्ययनरत 35,335 विद्यार्थी अगले सत्र में कक्षा पहली में प्रवेश लेंगे। इस तरह 2026-27 में कक्षा पहली में कुल 54,824 बच्चों को प्रवेश मिलेगा, जो पिछले वर्ष की कुल 53,325 सीटों से अधिक है।




#### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है प्राथमिकता

यह कदम शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। कुछ निजी स्कूलों में असंतोष के बावजूद शासन ने स्पष्ट किया है कि कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना उसकी प्राथमिकता है।

– विजय तांडे
जिला शिक्षा अधिकारी

### दुर्घटना पीड़ितों को मिल रहा कैशलेस उपचार

**बिलासपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री - सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल में भर्ती और सुनिश्चित उपचार योजना लागू की गई है। एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य दुर्घटना के बाद 'गोल्डन ऑवर' (पहले एक घंटे) में पीड़ितों को निःशुल्क एवं तत्काल उपचार सुनिश्चित करना है, जिससे अधिक से अधिक जीवन बचाया जा सके। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना के प्रत्येक पीड़ित को दुर्घटना की तिथि से 7 दिनों तक अधिकतम 1.50 लाख तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया रहा है। उन्होंने बताया कि यह सुविधा सभी मोटर वाहन दुर्घटना पीड़ितों के लिए लागू है, चाहे वे छत्तीसगढ़ के निवासी हों या अन्य राज्य के। जिला बिलासपुर में आईआरएडी एवं ईडीएआर से जुड़े 43 अस्पतालों द्वारा कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। उपचार प्रक्रिया के तहत अस्पताल द्वारा पीड़ित को टीएमएस 2.0 पोर्टल पर पंजीकृत किया जाता है, जिसके पश्चात 24 घंटे के भीतर उसका सत्यापन पुलिस विभाग द्वारा किया जाता है। गंभीर रूप से घायल मरीजों के लिए 48 घंटे तक स्थिरीकरण उपचार की गारंटी भी सुनिश्चित की गई है। इस योजना के तहत आवश्यक शर्तें लागू की है।

---

**एमएलबी में 10 वीं की 50,080 12 वीं की 18,619 कापियां**

# बोर्ड परीक्षाः पहले चरण में जांची जा रही डेढ़ लाख कापियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल कीं बोर्ड परीक्षाओं के बाद अब उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन प्रारंभ हो गया है। कापियों के जांचने के लिए महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला दयालबंद और शासकीय कन्या शाला सरकंडा को केन्द्र बनाया गया है। दोनों केंद्रों में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की हजारों कापियां पहुंच चुकी हैं।

माशिमं की संभागीय अधिकारी श्रीमती संगीता गंगोत्री ने बताया कि दयालबंद स्थित महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है, जहां प्रथम चरण में हाईस्कूल परीक्षा की 50,080 और हायर सेकेंडरी परीक्षा की 18,619 अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य शुरू कर दिया गया है। शिक्षकों की टीम पूरी पारदर्शिता के साथ कापियों की जांच में जुट गई है। शासकीय कन्या शाला सरकंडा में भी मूल्यांकन कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। सरकंडा केंद्र में हाईस्कूल की 55,281 और हायर सेकेंडरी की 30,128 कापियां आवंटित की गई हैं।



#### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

मूल्यांकन केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित है। मूल्यांकन केंद्रों पर मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट्स का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। मूल्यांकन कार्य की निगरानी के लिए वरिष्ठ प्राचार्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभाग का लक्ष्य है कि बिना किसी मानवीय त्रुटि के कापियों की जांच पूरी हो जाए, ताकि समय पर परिणाम घोषित कर नया शैक्षणिक सत्र शुरू किया जा सके। अंकों की प्रविष्टि और जांच में पूरी सावधानी बरतने कहा गया है ताकि छात्रों के भविष्य के साथ कोई खिलवाड न हो। मूल्यांकन में विषय विशेषज्ञों की ड्यूटी लगाई गई है, जो निर्धारित समयसीमा के भीतर मूल्यांकन पूरा कर विभाग को रिपोर्ट सौंपेंगे।

#### दो लॉट में की जाएगी कॉपियों की जांच

शिक्षा विभाग के अनुसार, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन दो लॉट में किया जाएगा। पहले लॉट में शुरुआती तीन पेपर की कॉपियां मूल्यांकन केंद्र भेजी जा चुकी हैं। इन कॉपियों का मूल्यांकन पूरा होने के बाद दूसरे लॉट में अंतिम तीन पेपर की कॉपियां भेजी जाएंगी। विभाग ने कहा है कि परिणाम प्रक्रिया जल्द और समय पर पूरी की जाएगी ताकि छात्रों को परिणाम समय पर मिल सके। मूल्यांकन केंद्र में सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को गोपनीयता और निष्पक्षता के नियमों का पालन करने का निर्देश दिया गया है। प्रत्येक उत्तर पुस्तिका को ध्यानपूर्वक जाँचा जाएगा और अंक सही तरीके से दर्ज किए जाएंगे।

---

## सिम्स के अधिकारियों ने किया फायर सेफ्टी का परीक्षण



**बिलासपुर।** सिम्स में मरीजों व परिजनों की सुरक्षा को लेकर आपदा प्रबंधन के तहत डीन व अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान फायर सेफ्टी के अग्निशमन उपकरण, अलार्म सिस्टम, स्मोक डिटेक्टर, स्प्रिंकलर एवं आपातकालीन निकासी मार्ग का गहन परीक्षण किया गया।

बताया गया कि सिम्स में एबीसी एवं कार्बन डाइअक्साइड गैस से भरे 664 अग्निशमन सिलेंडर विभिन्न वार्डों, ओपीडी, आपातकालीन इकाइयों एवं संवेदनशील स्थानों पर लगाए गए है। सिलेंडरों की कार्यक्षमता, प्रेशर लेवल, फिटनेस एवं वैधता अवधि की जांच डीन व अधीक्षक द्वारा की गई। अस्पताल के अति संवेदनशील विभाग जिसमें नवजात गहन चिकित्सा इकाई व बाल गहन चिकित्सा इकाई में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। धुएं या आग की स्थिति में तुरंत अलर्ट मिल सके इसका प्रबंध किया गया है। अस्पताल में ऑटोमेटिक सप्रिंकलर सिस्टम का भी निरीक्षण किया गया।

## चेट्रीचंड्र महोत्सव की तैयारी जोरों पर, झूलेलाल जयंती 20 को



**बिलासपुर।** सिंधी युवक समिति द्वारा सिंधी समाज के सहयोग से समाज का नव वर्ष लाल साईं झूलेलाल की जयंती चेट्रीचंड्र महोत्सव पर शोभायात्रा निकालेगी।

सिंधी युवक समिति के संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज ने अनुसार 20 मार्च को लाल साईं झूलेलाल की सिंधी समाज की डांडियों की मौज मस्ती के साथ सतरंगी झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। सिंधी नव वर्ष झूलेलाल जयती 20 मार्च शुक्रवार को सिंधी समाज का समस्त कारोबार बंद रहेगा। शोभायात्रा सुबह 11 बजे बुधवारी बाजार से निकलकर बंधवापारा, धानमंडी रोड, गुरुनानक चौक, तोरवा नाका, गांधी चौक, जूना बिलासपुर, प्रताप चौक पुराने पुल से सरकंडा होते हुए नए पुल से नेहरू चौक, हेमू कलानी चौक, जरहाभाठा के रास्ते से सिंधी कॉलोनी में विसर्जित होगी। विनिता भावनानी के नेतृत्व में सिंधी समाज की महिलाएं शामिल होंगी। तैयारी में अशोक बजाज, मनीष लाहोरानी,अमर बजाज, मनोहर खटवानी, कैलाश मलघानी, अमित संतवानी, मुकेश मूलचंदानी, संजय मतलानी, राजकुमार बजाज, ओमप्रकाश मनचंदा, गोविंद बतरा, मोहन मदवानी, हीरानंद छुगानी, राजेश गंगवानी, कैलाश श्यामनानी, जतिन पुरी, विजय वाधवानी, भगवानदास भोजवानी, मनोज सरवानी, सुरेश बजाज, ज्ञानचंद जैसवानी, राजेश चंदवानी, रमेश भोजवानी, किशन जेठानी, रवि बजाज, राज भाटिया, सन्नी लाहोरानी सहित समिति के नवयुवक शामिल हैं।

## कोटा विधायक अटल के साथ कांग्रेसियों ने घेरा विधानसभा



**बिलासपुर।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बड़ी संख्या में विधानसभा का घेराव किया। प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित विधानसभा घेराव कार्यक्रम में बिलासपुर जिले के कांग्रेस जन शामिल हुए।

कोटा विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता, विधायक अटल श्रीवास्तव एवं विधानसभा के कार्यक्रम प्रभारी प्रमोद नायक के नेतृत्व में इस आंदोलन में शामिल हुए। रतनपुर से ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, आनंद जायसवाल, शीतल जायसवाल, कोटा ब्लॉक अध्यक्ष अरुण त्रिवेदी, बेलगहना ब्लॉक अध्यक्ष अश्वनी उद्देश्य, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कोटा, आदित्य दीक्षित सहित सैकड़ों कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन और घेराव में शामिल हुए। बिलासपुर से पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ल, पूर्व जिला पंचायत सभापति जितेंद्र पांडे, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभय नारायण राय, शहर कांग्रेस के बद्री यादव, विनय शुक्ला, आशुतोष शर्मा रायपुर पहुंचे थे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महा सचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज उपस्थित रहे।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 18 मार्च 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## कार्यक्रम

### विश्व समाज कार्य दिवस पर शिविर में लोगों की स्वास्थ्य जांच



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में विश्व सामाज कार्य दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य एवं कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से कुलपति प्रो.आलोक कुमार चक्रवाल कुलसचिव प्रो. अश्विनी कुमार दीक्षित, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. शैलेंद्र कुमार, सामाजिक विज्ञान संकाय प्रो. राम कृष्ण प्रधान,समाज कार्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अर्चना यादव, प्रो प्रतिभा जे मिश्रा, डॉ संज्ञा त्रिपाठी सुमन लकड़ा, डॉ सन्दीप मोरिशेट्टी, सागर राजपूत, संतोष सहित विश्वविद्यालय के अन्य विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। साथ ही भारतीय जैन संगठन के राष्ट्रीय महासचिव पंकज चोपड़ा, संरक्षक एस के जैन, विमल चोपड़ा एवं राज्य सचिव अमरेश जैन , अध्यक्ष सुनीता जैन, अभिनव डाकलिया, मनोज जैन, चंद्रप्रकाश बोथरा, सुमित, शितेश बैद की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान कुलपति द्वारा चिकित्सकों, स्वयंसेवी संगठनों एवं जीजीवी श्रवण लाइन के स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

## आयोजन

### खुशनुमा माहौल में छत्तीसगढ़ पत्रकार महासंघ का होली मिलन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ व्दारा आयोजित होली मिलन समारोह खुशनुमा माहौल में मनाया गया। बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजीत मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं छत्तीसगढ़ पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज सलूजा की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में फूलों की होली का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र गहवई, पूर्व उपाध्यक्ष विनीत चौहान उपस्थित रहे। होली मिलन समारोह में पत्रकारों ने गुलाल का टीका लगाकर एक दूसरे को इस सतरंगी त्यौहार की बधाइयां दी। प्रदेश महासचिव गणेश विश्वकर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष मणीशंकर पांडेय, प्रदेश कोषाध्यक्ष एम. मलिक, प्रदेश संयुक्त सचिव रूद्राक्ष गोस्वामी, प्रदेश प्रवक्ता मोहनीश सिंह ठाकुर, महासंघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, दिलीप अग्रवाल, ज्योति कुमार बाजपेयी, तिरीथराम लहरे, प्रेस क्लब सह सचिव हरिकिशन गंगवानी, राजेंद्र ठाकुर, रज्जू कोशले आदि पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## आयोजन

### दो दिवसीय सिंधियत मेले में रहा उत्साह, किया गया सम्मान



**बिलासपुर।** सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल के जन्मदिवस के अवसर पर पूज्य सिंधी पंचयात छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर स्थित होटल ललित महल में दो दिवसीय 14व 15 मार्च को सिंधियत जो मेलों का आयोजन रखा गया था। इस आयोजन में पूरे प्रदेश के सभी शहरों से पंचयतो के अध्यक्ष व पदाधिकारी पहुँचे थे। इस भव्य आयोजन में कार्यक्रम के आयोजक पूज्य सिंधी पंचायत छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष महेश दरयानी,कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा, कोषाध्यक्ष बलराम आहूजा द्वारा नगर पालिका परिषद बोदरी अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा ,सभापति श्याम आर्य, भावना आशीष खत्री,डॉली दीपक जगवानी,सभापति विजय वर्मा भा का सम्मान स्मृति चिन्ह व शाल पहना कर उनके द्वारा किये जा रहे जनहित के सरहानीय कार्यो के लिए किया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश जैसवानी, अमर चंदवानी,अजित मोटवानी आदि बड़ी संख्या में सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

## शिविर

### संत निरंकारी मिशन एक आध्यात्मिक विचारधारा



**बिलासपुर।** संत निरंकारी मिशन शाखा बिलासपुर में सद्गुरू माता सुदीक्षा महाराज की कृपा से महात्मा भूपराम शर्मा जयपुर राजस्थान व जोनल इंचार्ज महात्मा सुंदर श्याम बिलासपुर के सानिध्य में जांजगीर शाखा के ग्राम पचेड़ा में एक दिवसीय निरंकारी संत समागम का आयोजन किया गया। इसमें महात्मा भूपराम शर्मा ने कहा कि संत निरंकारी मिशन एक आध्यात्मिक विचारधारा है। कार्यक्रम का शुभारंभ बहन प्रिया राजवानी की हरदेव गायन से किया गया। बिलासपुर जोन के कोरबा, जांजगीर-चाम्पा, पेण्ड्रा, बिल्हा-चकरभाठा, अम्बिकापुर, पत्थलगांव आदि क्षेत्रों से आए अनेक महात्मा व बहनों ने अपने गीतों व विचारों से परम पिता परमेश्वर का यशोगान किया। महात्मा भूपराम शर्मा ने कहा कि संत निरंकारी मिशन एक आध्यात्मिक विचारधारा है, जो सतगुरू द्वारा ब्रम्ह ज्ञान देकर कण-कण में बसे निराकार प्रभु का दर्शन करा कर मानव को मानव से जोड़कर उनमें प्रेम की भावना उजागर करता है। जिस प्रकार ग्रंथों में भी लिखा है-बिना गुरू मार्गदर्शन के मनुष्य को ज्ञान प्राप्ति नहीं हो सकती है।

# गणगौर मेले में दिखा आस्था व परंपरा का संगम

अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन ने नववर्ष के आगमन पर ए.एस फन सिरगिट्टी में गणगौर मेला का आयोजन किया। जिसमें सखियों ने म्यूजिकल गणगौर हाउजी खेली। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रानी लक्ष्मीबाई सहित कई रूपों में आकर प्रेरणादायी संदेश दिए। ज्वेलरी, कपड़े सहित कई चीजों के स्टॉल लगाए गए। अतिथियों ने कहा कि मेले में आस्था व परंपरा का संगम देखने को मिल रहा है।

## फैंसी ड्रेस की प्रतिभागियों ने दिए प्रेरणादायी संदेश, अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन का आयोजन







हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान अग्रसेन महराज व ईसर-गणगौर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मंचस्थ अतिथियों के स्वागत के बाद अग्रवाल समाज के भोलाराम मित्तल ने स्वागत भाषण दिया।

संस्था की प्रांतीय अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने कहा कि यह मेला एक उत्सव ही नहीं बल्कि सनातन मूल्यों की प्रतीक है। यह पर्व प्रेम, भक्ति का संदेश देता है। संस्था से जुड़ीं उषा अग्रवाल ने कहा कि पूर्वजों ने प्रकृति के अनुरूप त्यौहारों को मनाने की परंपरा शुरू की है। यदि ये पर्व, त्यौहार नहीं होते तो जीवन ही अधूरी रह जाती। इन पर्वों की वजह से हम जिंदगी में खुशियां बटोरते रहते हैं।

इस अवसर पर रामअवतार अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, रामकिशोर अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, ज्योति, उषा सुल्तानिया, सीमा गर्ग, अल्का मुरारका, सरोज, पूनम अग्रवाल, सुनीता, कुसुम, किरण, नीतू चौधरी सहित अन्य महिलाएं भारी संख्या में उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन मधु बगड़िया ने किया।

### लिया गया गेम का आनंद

कार्यक्रम में संस्था की सभी सदस्यों ने हाऊजी सहित विविध तरह के गेम का आनंद लिया। गणगौर पर आधारित गीतों पर डांस कर खूब मस्ती की। रानी लक्ष्मीबाई की वेश में रही अनिता अग्रवाल, पद्मावती की वेश में रही राशि अग्रवाल ने मंच में आकर प्रेरणादायी संदेश दिया।

### मेला ने बढ़ाया उत्साह

अतिथि शशि अमर अग्रवाल ने कहा कि ईसर-गणगौर अग्रवाल समाज का एक प्रमुख त्यौहार है। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन द्वारा आयोजित इस गणगौर मेला ने मन की उत्साह को बढ़ा दिया है। इस आयोजन में हंसी, ठिठोली के बीच सभी कलाकर सखियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त हो रहा है। यह मेला सभी का उत्साह बढ़ाने वाला है। रीतु शैलेष पाण्डेय ने कहा कि मेला परिसर में महिलाओं द्वारा लगाए गए विविध तरह के स्टाल में अधिकांश हस्त निर्मित वस्तुएं है। जिसे लोगों का भारी रिसपांस मिल रहा है। यह उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएगा। निकिता संजय अग्रवाल ने उपस्थित सभी महिलाओं को गणगौर पर्व की बधाई दी और कहा कि मेले में आकर उसे बहुत अच्छा लग रहा है। उसे पहली बार इतना अच्छा गणगौर मेला देखने का अवसर मिला है। आस्था, भक्ति, विश्वास से ओतप्रोत हमारी अग्रवाल संस्कृति, रीति-रिवाज हमें आपस में मिलकर जीवन जीने की कला भी सिखाता है।

### माहेश्वरी महिला मंडल की सखियों ने निकाला बिंदोरा

माहेश्वरी महिला मंडल की सखियों ने गणगौर बिंदोरा धूमधाम से मनाया। इस दौरान सर्वप्रथम महेश वंदना की गई। गणगौर गीतों की हाऊजी खेल कर नानीबा ईका मायरा की नाट्य प्रस्तुति दी गई। नई कार्यकारिणी का परिचय, स्वागत हुआ। अध्यक्ष नीलम डागा, सचिव पूजा टावरी, कोषाध्यक्ष शीला मालपानी सर्वसम्मति से चुनी गईं हैं। अध्यक्ष विनीता माहेश्वरी ने सभी सखियों को शुभकामनाएं दी और अपना कार्यभार नवनिर्वाचित अध्यक्ष नीलम डागा को सौंपा। इस मौके पर विनीता, सुधा, किरण, ममता, पूजा, नीलम, सरिता, सरोज, मीना, नमिता, सरिता, शीला, नीता, संगीता, योगिता, मंजू, कृष्णा, अंजना, विमला, मनीषा, स्वाती, गौरी, विधि, आदिति, सोनाली, दीपाली रिमझिम, पूनम, ज्योति आदि सखियां उपस्थित थीं।



# क्रिएटिविटी, डिजाइन व लॉजिक, मटैरियल एफिशिएंसी का प्रदर्शन






### मॉडल प्रदर्शनी 'एग ड्रॉप चैलेंज' रहे आकर्षण का केंद्र

### टैजर हंट में केमिस्ट्री विभाग बना विजेता

कार्यक्रम के अंत में आयोजित ट्रेजर हंट प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें कुल 8 टीमों ने भाग लिया। विभिन्न क्लूज़ के आधार पर खोज करते हुए केमिस्ट्री विभाग की टीम विजेता बनी और ट्रेजर हासिल किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए उत्साह, नवाचार और व्यावहारिक सीख का बेहतरीन उदाहरण रहा। साइंस फेस्ट के आगामी दिन में भी विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन की योजना है।

**बिलासपुर।** शासकीय ई. राघवेन्द्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय साइंस फेस्ट "विज्ञानोवा-2026" के दूसरे दिन विभिन्न शैक्षणिक एवं रोचक गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। दिन की शुरुआत मॉडल प्रदर्शनी से हुई, जिसमें लगभग 13–14 नवाचारी मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। मॉडलों का मूल्यांकन निर्णायक डॉ एस एस पांडे, डॉ विकास चंद्र एवं डॉ गार्गी शुक्ला द्वारा किया गया। निर्णायकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण और रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण "एग ड्रॉप चैलेंज" रहा। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को सीमित संसाधनों का उपयोग कर ऐसा मॉडल तैयार करना था, जिससे ऊँचाई से गिराने पर अंडा सुरक्षित रहे। प्रतियोगिता में क्रिएटिविटी, डिजाइन व लॉजिक, मटैरियल एफिशिएंसी तथा एग सर्वाइवल जैसे मानकों के आधार पर चरणबद्ध मूल्यांकन किया गया। इस प्रतियोगिता के परिणाम अगले दिन घोषित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त विज्ञान एवं गेम्स समिति द्वारा फन गेम्स, मेमोरी चैलेंज और विभिन्न प्रतियोगितात्मक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# नवरात्रि दुर्गा सप्तशती अनुष्ठान कल होगा प्रारंभ

**बिलासपुर।** दुर्गा सप्तशती बीज मंत्र साधना में लगातार पिछले 12 सालों से हो रही है, चैत्र नवरात्री 19 से 27 मार्च तक यह साधना का अनुष्ठान मैडिटेशन हॉल श्री साई कृपा हॉस्पिटल, सरजू बगीचा रोड तेलीपारा में पूरे 9 दिन किया जा रहा है।



साधना शाम 4.45 पर शुरू होगी और शाम 5.45 पर समाप्त हो जाएगी। यह साधना सामूहिक होती है और पूर्णतः निशुल्क है, कोई पंजीयन की आवश्यकता नहीं, जहाँ भी साधना होती है वहां भाग ले सकते हैं। बीजमन्त्रों से पूरे 13 अध्याय करने में मात्र 1 घंटा लगता है जबकि मूल मंत्र से 13 अध्याय को करने में 4 घंटा लग जाता है। ऋषि मुनि सिद्धों और संतों की कृपा जब हम पर होती है तब हम इस साधना का लाभ ले पाते हैं। माँ की कृपा हम पर तभी होती है जब हम पुरे 9 दिन साधना में भाग लेते हैं। यह जरुरी है की साधना के पहले से मन शांत रहे और साधना को पूरी श्रद्धा विश्वास और समर्पण से किया जाए तो हम पर माँ की कृपा जरुर होती है। गुरु स्तुति, सिद्ध कुंजिका, अध्याय, पुरे 13 अध्याय और अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण। सेवा सधक पुनीत ढंढारिया, गणेश गर्ग, प्रवीन वर्मा, ममता काले, अन्नू गर्ग, उषा यादव सहित अन्य लोग इस कार्य को सफल बनाने में जुटे है।

# स्व. लखीराम अग्रवाल की स्मृति में टी-20 क्रिकेट 21 से

स्पोर्टर्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



स्व. लखीराम अग्रवाल की पुण्य स्मृति में बिलासपुर में खेल और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 21 मार्च से 29 मार्च तक किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में खेला जाएगा।

यहां हाल के वर्षों में बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा लगभग 2 करोड़ रुपए की लागत से यहाँ हाई मास्ट फ्लड लाइट स्थापित की गई है, जिससे अब इस मैदान में डे-नाइट मैचों का आयोजन संभव हो गया है। पिछले दो वर्षों से सौंदर्यीकरण कार्य के चलते खेल गतिविधियाँ प्रभावित थीं, लेकिन अब आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होकर यह स्टेडियम एक बार फिर बड़े आयोजनों के लिए तैयार है। लगभग 10 हजार दर्शक क्षमता वाला यह मैदान खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। इसी नवसज्जित स्टेडियम में पहली बार इतने बड़े स्तर पर अखिल भारतीय रात्रिकालीन ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता (टी-20) का आयोजन 21 मार्च से 29 मार्च तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल सहित 8 राज्यों की टीमें भाग लेंगी।

प्रतियोगिता की विशेषता यह है कि इसमें शामिल टीमों में रणजी ट्रॉफी एवं इंडियन प्रीमियर लीग में खेल चुके अनुभवी खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5,00,000 एवं ट्रॉफी तथा द्वितीय पुरस्कार 3,00,000 एवं ट्रॉफी है। इसके साथ ही मैन ऑफ द सीरीज के लिए 51,000 का विशेष पुरस्कार है। वहीं प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच के साथ-साथ पूरे टूर्नामेंट में बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, बेस्ट विकेटकीपर, मोस्ट सिक्सेस जैसे विभिन्न व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जिनके लिए आकर्षक इनाम निर्धारित किए गए हैं। पूरे टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण यूट्यूब के स्पोटर्स केडा प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। साथ ही, आईपीएल की तर्ज पर चीयर लीडर्स भी इस आयोजन का आकर्षण बढ़ाएंगी। प्रतियोगिता की तैयारियाँ जोरों पर हैं और इसी क्रम में प्रतियोगिता की ट्राफी का भव्य लोकार्पण भी किया जा चुका है। इस भव्य आयोजन के सफल संचालन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें शहर के वरिष्ठ एवं अनुभवी क्रिकेटर, राष्ट्रीय स्तर एवं रणजी ट्रॉफी स्तर के खिलाड़ी शामिल हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रवीण दुबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता को उच्च स्तरीय और यादगार बनाने के लिए व्यापक तैयारियाँ की गई हैं।

नगर विधायक अमर अग्रवाल ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बिलासपुर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवा खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए ऐसे आयोजनों का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रतियोगिता क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को नई पहचान दिलाएगी।



### डीएलएस से रोशनी और अभिषेक जूडो के लिए चण्डीगढ़ रवाना

ऑल इंडिया जूडो चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु डीएलएस महाविद्यालय के दो खिलाड़ियों रोशनी वैष्णव अभिषेक जायसवाल का चयन विश्वविद्यालय टीम में हुआ है। ये खिलाड़ी विश्वविद्यालय की टीम कोच विद्येन्दु शुक्ला के साथ पंजाब के लिए रवाना हो गए, जहाँ वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की चेयरपर्सन निशा बसन्त शर्मा व प्राचार्य डॉ प्रताप पाण्डेय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की टीम में एक साथ दो खिलाड़ियों का चयन महाविद्यालय की खेल प्रतिभा, समर्पण एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का प्रमाण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर संजय शर्मा, विनायक शर्मा, उमेश जाधव, राकेश दीक्षित, सुनीता द्विवेदी, नीतीश शर्मा, सभी आचार्यगण व स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### मकान सूचीकरण व गणना के लिए प्रशिक्षण



**मुंगेली।** जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। जिला सांख्यिकी अधिकारी प्रीतेश अहिरवार ने बताया कि, जनगणना 2027 में पहली बार डिजिटल माध्यम से आंकड़ों का संग्रहण किया जाएगा। नागरिक स्वयं स्वगणना वेब पोर्टल के माध्यम से जनगणना डेटा और मकान की जानकारी भर सकते हैं। इससे विशेष रूप से उन लोगों को सुविधा मिलेगी जो रोजगार या अन्य कारणों से अपने निवास स्थान से दूर रहते हैं। इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी निष्ठा पांडेय तिवारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी के रूप में जिले के एसडीएम, चार्ज अधिकारी के रूप में तहसीलदार तथा नगर चार्ज जनगणना अधिकारी के रूप में सीएमओ उपस्थित रहे।

### ग्राफ्टेड बैंगन की खेती से किसान बना आत्मनिर्भर



**जरहागांव।** क्षेत्र के सेमरचुवा निवासी तिजऊराम सब्जी की फसल से अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं। उद्यानिकी विभाग की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत आधुनिक खेती को अपना कर उन्होंने ग्राफ्टेड बैंगन की खेती में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया और अच्छी आमदनी अर्जित की। उन्होंने सीमित भूमि और संसाधनों के बावजूद योजना का लाभ लेकर उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में 1 एकड़ क्षेत्र में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती की। आधुनिक तकनीक और उचित प्रबंधन के कारण उन्हें बेहतर उत्पादन मिला। किसान तिजऊ राम ने बताया कि, ग्राफ्टेड बैंगन की खेती से उन्हें प्रति एकड़ लगभग 140 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ। बाजार में बैंगन का थोक मूल्य 25 से 30 रुपए प्रति किलोग्राम मिलने से उन्हें लगभग 3 लाख 50 हजार रुपए की कुल आय प्राप्त हुई।

### विद्यार्थियों ने किया विज्ञान केंद्र रायपुर का भ्रमण



**मुंगेली।** पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा के विद्यार्थियों ने पीएमश्री योजना के अंतर्गत विज्ञान केंद्र रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, समझ एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना था। विज्ञान केंद्र में विद्यार्थियों ने तारामंडल का अवलोकन कर ब्रह्मांड, ग्रहों एवं नक्षत्रों से संबंधित रोचक जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने 3डी शो का आनंद लिया तथा विज्ञान से जुड़े विभिन्न मॉडल, प्रयोगों एवं प्रदर्शनी को देखा। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि, पीएमश्री योजना के अंतर्गत इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करना है, ताकि वे विज्ञान को बेहतर ढंग से समझ सकें।

### अनुपयोगी व खुले बोरवेल्स किए जा रहे बंद



**लोरमी।** नगर पालिका परिषद द्वारा क्षेत्र में स्थित अनुपयोगी एवं खुले बोरवेल्स की पहचान कर उनकी कैपिंग की कार्रवाई प्राथमिकता के साथ की जा रही है। ज्ञात हो कि, खुले बोरवेल्स के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, विशेषकर छोटे बच्चों एवं आम नागरिकों के लिए यह गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। उक्त संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु नगर पालिका की ओर से सर्वे कर ऐसे सभी बोरवेल्स को चिन्हित किया जा रहा है तथा उन्हें सुरक्षित तरीके से बंद किया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि, यदि उनके संज्ञान में कोई भी खुला अथवा अनुपयोगी बोरवेल हो, तो इसकी सूचना तत्काल नगर पालिका कार्यालय को प्रदान करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके। सीएमओ चंदन शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, इस अभियान को निरंतर जारी रखा जाएगा ।

पाइप लाइन बिछाने सड़क की खुदाई, अब तक रेस्टोरेशन नहीं

# जल आवर्धन योजना के कार्यों में लापरवाही, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

सरकार की महत्वाकांक्षी 'शहरी जल आवर्धन योजना' का लाभ तो वर्तमान में नागरिकों को नहीं मिल रहा है, लेकिन इसके कार्यों से लोगों को असुविधाएं जरूर होने लगी हैं। जोन क्रमांक 1 सकरी में जल आवर्धन योजना के तहत 5 करोड़ की लागत से पाइप लाइन बिछाने और पानी टंकी का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसका संचालन नगर निगम मुख्यालय से किया जा रहा है।

जल आवर्धन योजना का कार्य करा रहे ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन बिछाने बेतरतीबी से गढ्ढे किए हैं, जिसके तहत वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 के मोहल्ले में बनी सीसी रोड सड़कों को उखाड़ दिया गया है। स्थानीय नागरिक स्वच्छ जल मिलने की आस लगाकर सड़क तोड़ने को भी मना नहीं कर रहे हैं, लेकिन गढ्ढे में पाइप लाइन बिछाने के बाद भी उन गड्ढों को नहीं पाटा जा रहा है, जिससे लोग रोज दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। साथ ही वहां का मलबा भी सड़क में ही डंप कर दिया गया है, इस कारण भी स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जल आवर्धन योजना के कार्य में मानिटरिंग का अभाव स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है, जिसके कारण स्थानीय जनों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।



उसलापुर जैसे बड़ी आबादी वाला क्षेत्र योजना से अछूता

#### टेस्टिंग कार्य बाकी

जल आवर्धन योजना कार्य के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के लिए गढ्ढे खोदे गए हैं, टेस्टिंग एवं अन्य कार्य बाकी है। कार्य पूरा हो जाने के बाद गढ्ढों को पाटा जाएगा।

**- भूषण पैकरा**
सब इंजीनियर ननि बिलासपुर

#### मिली है शिकायत

जल आवर्धन योजना के लिए गढ्ढे किए गए हैं, उसके नहीं पाटने की शिकायत मिली है। इससे मुख्यालय को अवगत करा दिया गया है, जल आवर्धन के सारे कार्य मुख्यालय से ही संचालित हो रहे हैं।

**- रंजना अग्रवाल**, जोन कमिश्नर सकरी

#### जोन कार्यालय को कोई जिम्मेदारी नहीं

जल आवर्धन योजना का कार्य सकरी जोन अंतर्गत तीन वार्ड में चल रहा है, लेकिन स्थानीय जोन कार्यालय को किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं दी गई है। मुख्यालय से ही कार्य संपादित कराए जा रहे हैं। स्थानीय जिम्मेदारी के अभाव में बिना जानकारी के ठेकेदार के लेबर स्थानीय लोगों की सुविधाओं का ख्याल नहीं रख रहे हैं, न ही उनकी शिकायतों का निराकरण कर रहे हैं। इस संबंध में जानकारी लेने पर जोन कमिश्नर ने बताया कि, जल आवर्धन योजना का कार्य मुख्यालय से संचालित हो रहा है, गढ्ढों को फिलिंग न करने की शिकायत आ रही है। इससे निगम में उक्त कार्य को देखने वाले अधिकारी को अवगत कराया जाता है, बाकी कार्य वही देख रहे हैं। स्थानीय अमले को कार्य में नहीं लगाने से लापरवाही तो होगी ही जानकारी के आभाव में कही भी गढ्ढा खोदा जा रहा है, इससे जोन के पुरानी पाइप लाइन तो डेमेज हो ही रहे है, बिलासपुर-मुंगेली मुख्य मार्ग पर मोटी रकम खर्च कर लगाए गए पौधे भी रौंदे जा रहे है।

#### लापरवाही के कारण योजना से वंचित है बड़ा आबादी क्षेत्र

वर्तमान में जल आवर्धन योजना का कार्य जोन तीन वार्ड में ही चल रहा है। वार्ड क्रमांक 3 में पूरा उसलापुर और कुछ अमेरी का हिस्सा आता है, वो आबादी क्षेत्र इस योजना से वंचित है। सकरी नगर निगम में शामिल होने के पूर्व नगर पंचायत थी, ऐसे में यहां पहले से ही पइप लाइन की व्यवस्था थी, जिससे नागरिकों का काम चल रहा था। उसलापुर नगर निगम में शामिल होने के पूर्व ग्राम पंचायत था, जहां पेयजल के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं थी, ऐसे में उसलापुर के लिए भी जल आवर्धन योजना आवश्यक है। हालांकि अधिकारी इसके लिए राशि की अनुपलब्धता को कारण बता रहे हैं, उनके मुताबिक निगम क्षेत्र में परिसीमन के दौरान उन्होंने प्रस्ताव भेजा था, लेकिन कम राशि उपलब्ध होने से वो क्षेत्र वंचित रह गया है। लेकिन वहां भी सर्वे कराया जा रहा है, जल्द ही उसका प्रस्ताव फिर से भेजने की बात अधिकारी कह रहे है।




## मोपका में फाग महोत्सव होली मिलन का आयोजन

**मोपका।** मोपका में होली मिलन व फाग महोत्सव का भव्य आयोजन स्थानीय मोपका के ठाकुरदेव मंदिर में हुआ, जहां जिले भर से लोग बड़ी संख्या शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, जिला कांग्रेस सचिव आकाश यादव सहित अतिथियों ने शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा, होली पर उमंग आनंद का त्यौहार है। छत्तीसगढ़ में सभी त्योहार धूमधाम से मनाते हैं, लेकिन होली का त्यौहार का अपना अलग महत्व होता है। यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव ने कहा कि, होली पर्व सब के मन में उत्साह भरने का त्यौहार है। पूर्व मंडी अध्यक्ष कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि, होली मिलन कार्यक्रम एक दूसरे से भेंट मुलाकात का पर्व है, जहां सभी आपसी भेदभाव मिटाकर मनाते हैं। कार्यक्रम को भाजपा पार्षद डॉ तिलकराम साहू, कांग्रेस नेता राजेंद्र साहू ने भी संबोधित किया। अन्य वक्ताओं में मदन यादव, राम कुमार भोई, विरेंद्र गौरहा, विनोद साहू, अजय यादव, गौरी शंकर, लक्ष्मी नाथ साहू, हितेश देवांगन आदि ने उक्त फाग महोत्सव की सराहना करते हुए आयोजक आकाश जितेंद्र यादव व उनके साथियों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन सुनील यादव व आभार प्रदर्शन आकाश यादव ने किया। इस मौके पर जितेंद्र यादव, राजेंद्र यादव, धनंजय सिंह, भोलू ठाकुर, संदीप यादव, अनीश यादव, मुकुंद साहू, सचिन कश्यप, बरन यादव, धीरज तिवारी, गुड्डा ठाकुर, बबलू यादव, गिरीश कैवर्त, टीआर लहरे, चंद्रकुमार निर्णेजक, जुड़ावन कुर्रे, किशन पटेल, हरिश्चंद श्रीवास, अशोक, मनहारण, रामनारायण आदि मौजूद थे।

## अटल ने मांगी महिला एवं बाल विकास विभाग से जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोटा

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग से जानकारी मांगी। उन्होंने कोटा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या, भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या, जर्जर आंगनबाड़ी भवन की जानकारी मांगी। साथ ही उन्होंने भवन विहीन और जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन स्थल व निर्माण हेतु स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या के संबंध में भी जानकारी मांगी।

विधायक अटल के प्रश्न पर महिला एवं बाल विकास मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि, कोटा में 324 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, 101 आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन हैं, और 35 आंगनबाड़ी भवन जर्जर हैं। उन्होंने बताया कि, भवन विहीन एवं जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन 39 किराए के भवन में 33 सामुदायिक भवन में 13 स्कूल में 7 पंचायत भवन में और 9 केंद्रों का संचालन अन्य शासकीय भवन में संचालित किया जा रहा है। साथ ही बताया गया कि, 59 भवन विहीन आंगनबाड़ी के लिए नवीन आंगनबाड़ी निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने तकनीकी शिक्षा विभाग के अनुदान मांगों की चर्चा के दौरान तकनीकी शिक्षा मंत्री से तेंदुआ में नवीन आईटीआई महाविद्यालय के स्थापना करने की मांग की।



■ कोटा में 101 आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन, 35 जर्जर

### आंगनबाड़ी सहायिका के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**मुंगेली।** जिले के विभिन्न ग्रामों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 6 अप्रैल तक वेबसाइट वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि चातरखार, नवागांव, कारेसरा एवं भदराली स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए सहायिका पदों पर भर्ती की जाएगी। नियम एवं शर्तों सहित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना मुंगेली 2 के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

## बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ

**मुंगेली।** जिले में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण स्तर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'शिशु संरक्षण माह' का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 21 अप्रैल तक जिलेभर में संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बच्चों को विटामिन-ए एवं आयरन सिरप पिलाकर किया।



सीएमएचओ डॉ साहा ने बताया कि विटामिन-ए बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ ही कुपोषण को कम करने में सहायक होता है। इसके सेवन से निमोनिया एवं डायरिया जैसी बीमारियों से होने वाली मृत्यु दर में भी कमी आती है। वहीं आयरन सिरप बच्चों में एनीमिया की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण है और उनके शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक होता है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ कमलेश कुमार ने बताया कि अभियान के तहत प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले में 9 माह से 5 वर्ष तक के 76 हजार 866 बच्चों को विटामिन-ए सिरप तथा 6 माह से 05 वर्ष तक के 81 हजार 387 बच्चों को आयरन सिरप प्रदान किया जाएगा। अभियान के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य संस्थानों में गर्भवती महिलाओं की जांच की जाएगी तथा उन्हें कैल्शियम की गोलियां भी वितरित की जाएंगी। साथ ही कुपोषित बच्चों की पहचान कर परीक्षण किया जाएगा और गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एमके राय, जिला टीकाकरण अधिकारी, शिशु रोग विशेषज्ञ, आरएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाल श्रम और भिक्षावृत्ति रोकने चलाया जा रहा रेस्क्यू अभियान

**मुंगेली।** जिले में बाल श्रम और भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, पुलिस विभाग तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टास्क फोर्स द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान जिले के कारखानों, ढाबों, उद्योगों, होटलों, दुकानों तथा अन्य छोटे-बड़े प्रतिष्ठानों के साथ-साथ संगठित और असंगठित क्षेत्रों में निरीक्षण किया जा रहा है। खदानों, ईंट भट्टों और निर्माण स्थलों जैसे कार्यस्थलों पर बाल श्रम में संलिप्त पाए जाने वाले बच्चों और किशोरों को रेस्क्यू कर उनके पुनर्वास की कार्रवाई की जा रही है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी अंजूबाला शुक्ला ने बताया कि, जिला प्रशासन का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हुए उन्हें शिक्षा और बेहतर भविष्य की मुख्यधारा से जोड़ना है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, भारत सरकार के निर्देशानुसार यह अभियान 31 मार्च तक संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान मुंगेली, पथरिया और सरगांव क्षेत्रों में चौक–चौराहों, धार्मिक स्थलों और बाजारों में भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

## शिक्षा जीवन मूल्यों को सीखने की सतत प्रक्रियाः मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

एनटीपीसी, सीपत स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में 15 मार्च को प्री-प्राइमरी वर्ग के नन्हे विद्यार्थियों के लिए वार्षिकोत्सव एवं ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 'तरंग एवं गुंजन ' की थीम पर आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य बच्चों में उत्साह, आत्मविश्वास तथा सृजनात्मकता के साथ सीखने की प्रेरणा विकसित करना था।

■ बाल भारती पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव व ग्रेजुएशन डे

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी सीपत के परियोजना प्रमुख स्वप्न कुमार मंडल तथा विशिष्ट अतिथि संगवारी महिला समिति की अध्यक्षा शिखा मंडल रहीं। इस अवसर पर अन्य अतिथि एवं अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य शलभ निगम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सत्र 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सहपाठ्यक्रम गतिविधियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। अपने उद्बोधन में स्वप्न कुमार मंडल ने कहा कि, यह दिन इन नन्हे विद्यार्थियों के लिए गर्व का क्षण है।



उन्होंने कहा कि, शिक्षा केवल कक्षा पूर्ण करने का नाम नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों को सीखने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की सतत प्रक्रिया है। उन्होंने विद्यालय के समर्पित शिक्षकों के धैर्य, प्रेम और स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि, उनके प्रयासों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों के विश्वास, सहयोग और प्रोत्साहन को भी बच्चों के समग्र विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। समारोह के अंतर्गत विद्यार्थियों को पारंपरिक दीक्षांत परिधान धारण कराकर प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

### किरना उचित मूल्य की दुकान का संचालन निलंबित

**मुंगेली।** जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन में पाई गई अनियमितताओं पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित दुकान का संचालन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अजय शतरंज ने बताया कि, ग्राम किरना स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में अनियमितताएं पाए जाने पर संचालक एजेंसी 'शिव शक्ति महिला स्व सहायता समूह' को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। समूह द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक एवं समाधान कारक नहीं पाया गया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के नियमों का उल्लंघन किया गया है। जांच में छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन सामने आया। इसके फलस्वरूप संबंधित दुकान का संचालन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रशासन ने हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की है। आगामी आदेश तक किरना की उक्त दुकान को अस्थायी रूप से शासकीय उचित मूल्य की दुकान लक्षनपुर, संचालक एजेंसी 'पूर्णिमा महिला स्व सहायता समूह' से संलग्न किया गया है। अब किरना के राशनकार्डधारियों को खाद्यान्न सामाग्री का वितरण लक्षनपुर दुकान के माध्यम से किया जाएगा।

महिला-पुरुष व बच्चे रहे मौजूद, जयकारों से गूंजा नगर

# माता कर्मा जयंती पर निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती पर साहू समाज केंद्र सीपत के तत्वाधान में तहसील स्तर पर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा साहू भवन सीपत से शुरू होकर थाना चौक, नवाडीह चौक होते हुए माता चौराहा नवाडीह में कलश में जल भरकर वापस साहू भवन के लिए निकली।

शोभा यात्रा जय मां कर्मा, जय मां राजिम, जय बाबा सत्यनारायण, जय साहू समाज के नारों से गुंजयमान होती रही थी। शोभायात्रा में पूर्ण रूप से गायत्री परिवार के प्रख्यात वक्ताओं के नेतृत्व में पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-याचना की गई। संध्या में भक्त माता कर्मा एवं बांके बिहारी की महाआरती की गई एवं प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में तहसील, जिला व प्रदेश के पदाधिकारियों को अपने बीच में प्रकार सीपत क्षेत्र के सामाजिक बंधुओं में भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान शिवनारायण साहू व सुंदरिया बाई साहू रहे। साथ ही साथ ललित साहू, महेंद्र बंटी साहू,मुन्ना साहू, रामलाल साहू, रेवाशंकर साहू, संतोष साहू, विनोद साहू मड़ाई, सरोजनी साहू, लक्ष्मी साहू, धनीराम साहू, शिवनारायण साहू, तीजराम साहू, राजाराम साहू, पंचराम साहू, शिवनारायण साहू केंद्रीय अध्यक्ष पाराघाट, कोमल साहू महामंत्री पाराघाट, भागवत साहू, संतोष साहू, विनोद साहू,ओंकार साहू, राधेश्याम साहू, दिलीप साहू, दुर्गा प्रसाद साहू सीपत केंद्राध्यक्ष, मेलाराम साहू, महिला शक्ति में कल्याणी, सरोजनी, देवकुमारी, जमुनादेवी, सुलोचना, कल्याणी, मालती, गंगोत्री, हेमप्रभा, लता, सरोजनी, पार्वती, प्रतिभा, अनीता , दीपा, शांति देवी साहू सहित ग्राम झलमला से धन लाल साहू, विजय साहू, पुरुषोत्तम साहू, लाल साहू, देव कुमार साहू, छतलाल साहू, ग्राम नवागांव से रामहरे, रामखीलावन साहू, ग्राम दर्राभाटा से घनश्याम, विजय, शालिकराम साहू, ग्राम सीपत से शशिकांत, रामलाल, सुखीराम, दाऊराम, बोधराम साहू, ग्राम गुड़ी से वासुदेव, सुखसागर, गोकुल, लिलोत्तम, रामदत्त, रामस्वरूप, रामरतन, रामकिशुन साहू, ग्राम टिकरीपारा से संजय, राजेश, जनक, शिवकुमार साहू, अंजनी साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित रहे।



### धर्म का अनादर देखकर चुप रहने वाला महापापीः स्वामी ज्ञानान्द तीर्थ


**तखतपुर।** अखिल भारतीय श्रीरामचरित मानस सम्मेलन में आए हुए संत शंकराचार्य स्वामी ज्ञानान्द तीर्थ ने कहा कि, संतों और धार्मिक गुरुओं के अनुसार, सनातन धर्म की रक्षा घरों में रामायण-भागवत के पाठ, बच्चों को संस्कार देने, धर्म का पालन करने और एकता बनाए रखने से होगी।



जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ने बताया कि, सनातन की रक्षा के लिए हमें अपने जीवन में धर्म को अपनाना होगा और ढोंगियों से बचकर खुद को चरित्रवान बनाना होगा। संतों द्वारा बताए गए सनातन रक्षा के प्रमुख उपाय संस्कार और शिक्षा अपने घरों में रामायण, भागवत का पाठ करें और नई पीढ़ी को धर्म, संस्कृति और शास्त्रों का ज्ञान दें। संतों ने स्पष्ट किया है कि, सनातन की रक्षा केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कर्म और एकता से ही संभव है। यह समय केवल चर्चा का नहीं, बल्कि ठोस कदम उठाने का है। भारत और सनातन धर्म पर बढ़ते हुए खतरे अब किसी से छिपे नहीं हैं। हमारी सांस्कृतिक जड़ें, धार्मिक परंपराएं और वैदिक मूल्यों को संरक्षित रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। इसलिए अब आवश्यकता है कि हम सभी एकजुट होकर अपने धर्म और देश की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

## खबर संक्षेप

### कफ सिरप सप्लायर कटनी से गिरफ्तार



बिलासपुर। प्रतिबंधित कफ सिरप शहर के विक्रेताओं को सप्लाई करने वाले सप्लायर को कटनी से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 12 सितंबर 2022 को पुलिस ने जरहभाठा मिनीबस्ती निवासी धर्मेन्द्र गेंदले को पकड़कर उसके पास से 120 नग प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त कर उसे जेल भेज दिया गया था। पूछताछ में खुलासा हुआ धर्मेन्द्र गेंदले को कटनी निवासी दिलीप कुमार वीरवानी 55 साल के द्वारा प्रतिबंधित कफ सिरप सप्लाई की जाती है। 3 साल बाद एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल ने सिविल लाइन पुलिस को फरार कटनी से सप्लायर दिलीप कुमार वीरवानी को गिरफ्तार करने टीम भेजने का निर्देश दिया गया था। पुलिस ने कटनी में दबिश देकर फरार आरोपी दिलीप कुमार वीरवानी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के द्वारा अंतर्राज्यीय स्तर पर प्रतिबंधित कफ सिरप की सप्लाई किए जाने संबंधी जानकारी पुलिस को मिली है, जिसके संबंध में विवेचना किया जा रहा है।

### रेत-मुरूम का अवैध उत्खनन, 7 वाहन जब्त

बिलासपुर। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की शिकायत पर खनिज विभाग द्वारा मंगलवार को कोटा, बेलगहना, कोनचरा, बिरकोना, सरकंडा, सिरगिट्टी, सिलपहरी, चकरभाठा, मुढ़पिार एवं रहंगी क्षेत्र की जाँच की गयी। जाँच के दौरान कोनचरा क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 02 ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया गया। इसी तरह सिलपहरी क्षेत्र से खनिज साधारण पत्थर का अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर 01 जेसीबी वाहन तथा 01 हाइवा वाहन को जब्त किया गया है। चकरभाठा क्षेत्र से खनिज मुरुम का अवैध परिवहन करते पाये गए 03 हाइवा वाहनों को जब्त किया गया। इस प्रकार जप्त कुल 07 वाहनों को पुलिस थाना सिरगिट्टी व चकरभाठा में अभिरक्षा मे रखा गया है। उपसंचालक खनिज किशोर कुमार गोलघाटे ने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा अभी लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

### चखना सेंटर संचालक से मारपीट, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। लेनदेन के विवाद में चखना सेंटर संचालक के साथ जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, सिक्यूरिटी गार्ड के मैनेजर प्रफुल्ल द्विवेदी ने शक्ति जिला के पोला शराब दुकान का आहता चखना सेंटर पेटी कांट्रेक्ट में लेकर सज्जन द्विवेदी को प्रति दिन 5 हजार के हिसाब से ठेका दिया था। जिसमें वह कुछ पैसा देता था, पूरा पैसा नहीं देता था। उस पर 75 हजार रुपए बाकी था, जिसे लेकर उनके बीच विवाद चल रहा था। 16 मार्च रात 10.30 बजे व्यापार रामा पोर्ट के पास वे खड़े थे। इसी दौरान सज्जन, विकास, जीतू आए और गाली गलौज करते हुए उनके साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### तलाकशुदा पति ने महिला की स्कूटी जलाई

बिलासपुर। तलाकशुदा पति ने महिला से विवाद कर उनकी स्कूटी को जला दिया है। पुलिस ने उसके खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कुदूण्ड चांदनी चौक में किराए में रहने वाली पिंकी गोस्वामी ने रिपोर्ट लिखाई। वे अपने पति किशोर गोदवानी से तलाक लेकर अकेले रह रही हैं और लोगों के घरों में खाना बनाने का काम करती हैं। 15 मार्च को तलाकशुदा पति ने उनसे 2 हजार रुपए मांगा। उन्होंने पैसा देने से मना कर दिया। 16 मार्च को दोपहर 12 बजे वे अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 10 एएच, 3240 को लेकर मोहल्ले में खड़ी थीं। इसी दौरान उनका तलाकशुदा पति आया और पेट्रोल डालकर उनकी स्कूटी को जला दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर किशोर गोदवानी के खिलाफ बीएनएस की धारा 326 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

देखने वाला कोई नहीं

दान की जमीन पर चल रहा है अस्पताल, भटकते हैं मरीज, नहीं मिलती है दवा

# चपरासी के भरोसे आयुर्वेदिक अस्पताल, ड्यूटी के समय नदारद रहते हैं डाक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मिशन अस्पताल रोड में स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल नाम का अस्पताल साबित हो रहा है। विभाग द्वारा दो डाक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है, लेकिन यहां ना तो डाक्टर मिलते हैं और ना ही दवा देने के लिए कोई फार्मासिस्ट मौजूद होता है। कमोबेश यह रोज का हाल है, लेकिन इन कर्मचारियों पर विभाग की नजर तक नहीं है।

सरकार द्वारा लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने का दावा खोखला पड़ता जा रहा है। एलोपैथिक अस्पतालों की तरह ही आयुर्वेदिक अस्पताल और डिस्पेंसरी राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही है, लेकिन इन अस्पतालों में ना तो सुविधाएं होती हैं और ना ही डाक्टर मौजूद होते हैं। ऐसा ही मामला मिशन अस्पताल रोड में स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल में देखने को मिला। दिन के 12.30 मिनट पर पहुंची हरिभूमि की टीम ने जो देखा व सरकारी अस्पताल के लिए सही नहीं था। अस्पताल पूरी तरह से खाली था और कोई भी कर्मचारी और डाक्टर मौजूद नहीं था। इस दौरान करीब 15 मिनट के बाद चपरासी आया, लेकिन मीडिया को देख वह भी बाहर निकल गया। खास बात यह है शासन द्वारा आयुर्वेदिक अस्पताल में 2 डाक्टर, फार्मासिस्ट, औषधायल सेवक और पीटीएस की नियुक्ति की गई है लेकिन यहां महज चपरासी ही मौजूद था। इस बारे में उच्च अधिकारियों को सूचना मिलने के बाद जांच की बात कही गई है।





### जानकारी ली जाएगी

वहां हमने 2 डाक्टरों की ड्यूटी लगाई है। शेड्यूल के अनुसार डाक्टरों को बैठना होता है। अस्पताल खाली होने की जानकारी नहीं है। डाक्टर और स्टाफ से इसकी जानकारी ली जाएगी।

-डॉ यशपाल सिंह ध्रुव
जिला आयुर्वेद अधिकारी

### तम्बाकू चबाते पेड़ की छांव में बैठा रहा चपरासी



खास बात यह है कि पूरे इलाके में स्कूल और अस्पताल संचालित है लेकिन इस दौरान चपरासी अस्पताल में रहने के बजाए बाहर निकल कर टहल रहा था और सुस्ताने के लिए पेड़ की छांव के नीचे खड़ा होकर तम्बाकू मलता मिला। अस्पताल में रोजाना 10 से 15 मरीज आते है, ज्यादातर मरीज बुजुर्ग होते है जो नियमित तौर पर दवाइंया लेते हैं।

प्रावधान नहीं फिर भी चौकी खाली नहीं कर रहे हैं पुलिस कर्मी

# स्टेशन में गड्ढा.. फिर भी चल रही तोरवा चौकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


392 करोड़ की लागत से जोनल रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य में सर्कुलेटिंग एरिया जनआहार के सामने संचालित तोरवा पुलिस चौकी बाधा बन गई है। चौकी की जगह को खाली करने के लिए रेल प्रशासन ने कई बार नोटिस देने के साथ पत्र भी लिखा है, लेकिन स्टाफ चौकी की जगह को खाली करने के लिए तैयार नहीं हो रहा है। अब हालत यह है कि चौकी के चारों ओर निर्माण कार्य चल रहे हैं और यह शेड और गड्ढे से घिर गई है। इसके बाद भी चौकी में पुलिस कर्मी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम शुरु कर दिया गया है। स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य की शुरुआत रेल प्रशासन ने पहले गेट नम्बर चार से की थी, जहां लगे रैंप को तोड़ दिया गया। इसके बाद गेट नम्बर तीन जहां यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ रहती थी। इसका कारण था कि गेट नम्बर तीन पर अनारक्षित यानि जनरल टिकिट काउंटर का संचालन किया जाता था, जहां से टिकिट की खरीदी करने के बाद यात्री ट्रेन में सफर करते थे। अनारक्षित टिकिट काउंटर को रेल प्रशासन ने गेट नम्बर एक पर स्थित आरक्षण कार्यालय में और आरक्षण कार्यालय को स्काउट एंड गाइड विंग की बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया है। इन दोनों काउंटरों की शिफ्टिंग करने के बाद चारों ओर से शेड लगाकर गेट नम्बर तीन को भी पूरी तरह से ब्लाक कर दिया गया है, जिसके उपरांत वर्तमान में यात्री गेट नम्बर चार और एक व दो से स्टेशन में आना-जाना कर रहे हैं।

स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में बनी पार्किंग की शिफ्टिंग के उपरांत तोड़फोड़ भी शुरु कर दी गई है, लेकिन इस जगह पर पुराने जनआहार के सामने संचालित होने वाले तोरवा पुलिस चौकी को स्टाफ की ओर से खाली नहीं करने के कारण काम को आगे बढ़ने में काफी दिक्कत हो रही है। रेलवे अफसरों ने स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में बाधा बनने वाले तोरवा पुलिस चौकी की जगह को खाली करने के लिए कई बार पत्र भी लिखा है। पुलिस विभाग जगह खाली करने के एवज में नई जगह की मांग कर रहा है, जिसके कारण काम चलने के बाद भी पुलिस कर्मी चौकी छोड़ने को तैयार नहीं हो रहे हैं।



### किसी काम की नहीं चौकी





रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में लॉ एंड आर्डर संभालने के लिए दो यूनिट आरपीएफ और जीआरपी काम कर रही है। इसके बावजूद तोरवा पुलिस चौकी स्टेशन के बाहर 10 बाई 10 की जगह को घेरकर रखी हुई है। तोरवा पुलिस का स्टेशन में किसी तरह का कोई काम नहीं है। जानकारी के अनुसार चौकी में बैठने वाले स्टाफ कुछ वीआईपी और अपने चहेतों के लिए तत्काल और आरक्षण की बुकिंग कराने का काम करते हैं। वर्तमान में चौकी को शेड लगाकर चारों ओर से घेर दिया गया है, जहां आने-जाने के लिए रेल प्रशासन की ओर से रास्ता नहीं देने के बावजूद स्टाफ आरपीएफ और जीआरपी थाने से अपना रास्ता बना लिए हैं।

### स्टेशन के सामने तोरवा पुलिस चौकी का प्रावधान नहीं

रेल प्रशासन के अनुसार सर्कुलेटिंग एरिया हो या अंदर प्लेटफार्म व ट्रेन, यहां लॉ एंड आर्डर को संभालने के लिए दो यूनिट आरपीएफ और जीआरपी तैनात हैं। स्टेशन के सामने तोरवा पुलिस चौकी का कोई प्रावधान नहीं है। इसके अलावा रेलवे के नियम में भी नहीं है कि स्टेशन के सामने किसी तरह की पुलिस चौकी खोली जाए। पुलिस चौकी को हटाने के लिए सेटलमेंट विभाग ने नोटिस जारी किया है। इस पत्र के जवाब में पुलिस प्रशासन ने दूसरे स्थान पर चौकी के लिए जगह मांगी है। दोबारा पत्र में पूछा गया है कि पुलिस चौकी ओपन करने के लिए कौन से वर्ष और किस तरह अधिकारिक रूप से उन्हें अनुमति दी गई थी। इसका जवाब अब तक रेल प्रशासन को प्राप्त नहीं हुआ है।

### तारबाहर क्षेत्र में जगह

चौकी के पुलिस स्टाफ के अनुसार नई जगह के लिए कई बार रेल प्रशासन से मांग की गई है, लेकिन किसी तरह का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कुछ दिन पहले पंजाब नेशनल बैंक शाखा के पास एक रेल कर्मचारी आवास दिखाया गया है, जो तारबाहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। चौकी तोरबा क्षेत्र की है, इसलिए रेलवे से तोरवा क्षेत्र के अंतर्गत नई चौकी देने का अनुरोध किया गया है।

### जल्द किया जाएगा निराकरण

जोनल रेलवे स्टेशन के सामने स्टेशन डेवलपमेंट का काम शुरु कर दिया गया है, जहां कई सालों से पुलिस चौकी का संचालन किया जा रहा है। इसे हटाने के लिए विभागीय स्तर पर बातचीत की जा रही है, जिसका जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

-**अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

शराब पीने के बाद विवाद

# युवक की दो भाइयों ने की थी हत्या, 3 दिन बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

शराब पीने के बाद विवाद करने पर युवक की दो भाईयों ने मारपीट कर पेड़ की जड़ से हमला कर हत्या कर दी थी। तीन दिन बाद पुलिस ने फरार दोनों भाईयों को गिरफ्तार कर लिया है।

एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल ने बताया, 14 मार्च को सकरी क्षेत्र के संबलपुरी निवासी सतीश कौशिक पिता भीष्म कौशिक 26 साल की गांव के खेत में खून से लथपथ लाश मिली थी। उसके सिर व चेहरे में गंभीर चोट के निशान थे। युवक की हत्या किए जाने की आशंका होने पर फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जांच कराई गई। पूछताछ में घरवालों ने बताया था, मृतक रोजी मजदूरी करता था। 14 मार्च को दोपहर 12 बजे वह गांव के दो भाईयों के साथ निकला था। पुलिस संदिग्ध दोनों भाईयों के घर गई तो दोनों घर छोड़कर भाग गए थे। सकरी पुलिस फरार आरोपियों के पतासाजी में जुटी हुई थी। 16 मार्च की रात पुलिस को सूचना मिली दोनों भाई मेंड्रा में छिपे हुए हैं। टीआई विजय कुमार चौधरी, मनोज बघेल, अफाक खान व अन्य के साथ मेंड्रा में दबिश देकर संबलपुरी निवासी राकेश कौशिक पिता भागीरथी यादव 38 साल, उसके छोटे भाई गणेश कौशिक 36 साल को पुलिस ने पकड़कर पूछताछ की तो दोनों ने सतीश कौशिक की हत्या करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने दोनों भाईयों को गिरफ्तार कर लिया है।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

मृतक व आरोपी दोनो भाई रोजी मजदूरी करने के लिए चेन्नई गए थे। 15 दिन काम करने के बाद सप्ताह भर पहले तीनों घर लौट गए थे। घटना के दिन तीन सकरी शराब दुकान जाकर शराब पी। उसके बाद सकरी से बिरयानी लेकर गांव गए और खेत में बैठकर तीनों फिर शराब पी रहे थे। नशा होने पर मृतक दोनों भाईयों के साथ गाली गलौज करने लगा और गणेश कौशिक को एक झापड़ मार दिया। उसके बाद दोनों भाईयों ने हाथ मुक्का व बरगद पेड़ की जड़ से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी थी।

# कंपनी के 3 कर्मचारी 39 हजार रुपए गबन कर भागे, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्राइवेट कंपनी के 3 कर्मचारी 39 हजार रुपए गबन कर भाग गए और मोबाइल बंद कर लिया है। पुलिस ने तीनों कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।



■ कर्मचारियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

तोरवा पुलिस के अनुसार, चुचुहियापारा गणेशनगर निवासी एहतेशाम खान पिता मो. ईनाम खान ने रिपोर्ट लिखाई। वे आनंद चिल्ड्रन हास्पिटल मेन रोड तोरवा स्थित सीएलएस आफिस में मैनेजर हैं। उनका आरोप है कि रंजन दास पिता गजानंद किशोर दास कल्याणपुर दशा सामी संबलपुर ओडिशा, महेन्द्र दास रतनपुर, स्मृति दास ओडिशा संबलपुर कंपनी का सम्पूर्ण हिसाब किताब आदि कार्य विगत 4 साल से कर रहे थे। तीनों होली त्यौहार में छुट्टी लेकर गए थे। 9 मार्च तक ड्यूटी में उपस्थित नहीं हुए और मोबाइल बंद कर लिया गया है। संस्थान का हिसाब किताब कर जांच करने पर 39 हजार रुपए हिसाब दर्ज न कर गबन किए हैं। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर तीनों कर्मचारियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

# जंगल की भूमि पर चलाया ट्रैक्टर, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जब्त ट्रैक्टर व गिरफ्तार आरोपी।

जंगल की भूमि में अवैध रूप से ट्रैक्टर चलाकर जोताई करने वाले आरोपी को पकड़कर वन विकास निगम की टीम ने वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में ट्रैक्टर जब्त करने के साथ आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के प्रबंध संचालक ने अवैध कटाई, अतिक्रमण और उत्खनन पर नियंत्रण करने प्रत्येक परियोजना मंडल में नियमित भ्रमण कर आवश्यक कार्रवाई करने निर्देश दिया है। प्रबंध संचालक के निर्देश पर परियोजना मंडल में सुबह और दोपहर के साथ रात में भी गश्त की जा रही है। इसके तहत वन विकास निगम के कोटा परियोजना मंडल में गश्ती के दौरान सूचना मिली कि परिक्षेत्र भैंसाझार के कक्ष क्रमांक पी 1608 के वन भूमि पर अवैध रूप से जुताई की जा रही है। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय महाप्रबंधक अभिषेक सिंह और मंडल प्रबंधक कोटा परियोजना सत्यदेव शर्मा के आदेश पर परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी वैभव साहू, सहायक परियोजना क्षेत्रपाल तोषपाल साहू, अश्वनी मेहरा, अरूण कुमार सिंह, गोविंदा वर्मा, क्षेत्ररक्षक कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, कृपानंद जांगड़े, कार्तिकराम धुर्वे, श्रमिक परिक्षेत्र भैंसाझार की टीम टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां नए ट्रैक्टर के साथ आरोपी को भी पकड़ा गया। आरोपी पाली कोरबा निवासी लोरिकराम यादव पिता बरातू यादव से पूछताछ करने के बाद वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) (ग) एवं धारा 52 के तहत अपराध कायम कर लिया गया है।

# युवक पर धारदार हथियार से हमला, आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। मामूली विवाद में एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया है। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है।

कोनी पुलिस के अनुसार, सेंदरी समृद्धि विहार निवासी गुलाला यादव पिता दाउराम यादव 17 मार्च की रात 12.30 बजे ड्राइवरी की नौकरी करने के बाद घर आए। घर के बाहर बाइक खड़ी थी। अंदर गए तो एक युवक था। कौन है पूछा तो युवक ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए धारदाथ हथियार से हमला कर दिया। उसके बाद आसपास के लोगों ने युवक को पकड़ लिया। पूछने पर अपना नाम सुमेन्द्र यादव खैरा निवासी बताया। युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस ने गुलाला यादव की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 333, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### दो युवकों ने एक दूसरे को मारे चाकू

बिलासपुर। बैठक के दौरान दो युवकों के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक दूसरे के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, ग्राम खैरखुण्डी में 16 मार्च की रात 9 बजे किसी विषय पर गांव के लोग बैठक कर रहे थे। इसी दौरान मनीष कुमार केंवट पिता कैलास केंवट का जय किशन केंवट से विवाद हो गया। दोनों एक दूसरे के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। इसी दौरान दोनों ने एक दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे दोनों जख्मी हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर दोनों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# जेवरात और नकद चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार


बिलासपुर। रींवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में सफर के दौरान महिला यात्री का जेवरात और नकद राशि रखा बैग चोरी हो गया था। शिकायत के ढ़ाई माह बाद जीआरपी ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार हिनौती शंकरगढ़ प्रयागराज उत्तरप्रदेश निवासी अरूणा देवी पति पुष्पेन्द्र कुमार 13 जनवरी को 18248 रींवा-बिलासपुर एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस 6 के बर्थ नम्बर 58, 59 में सफर कर रही थी। सफर के दौरान महिला और उसका पति आराम करने लगा। रींवा से बिलासपुर आने के दौरान एक्सप्रेस ट्रेन कुछ देर के लिए खोंगसरा स्टेशन में रूकी। इस दौरान उनके पास बैग रखा हुआ था, जिसमें सोने-चांदी के जेवरात, मोबाइल और नकद राशि भी रखी थी। 58, 59 बर्थ के नीचे एक महिला यात्री भी सफर कर रही थी, जो करगीरोड स्टेशन में उतर गई। करगीरोड स्टेशन के बाद महिला यात्री का बैग भी गायब दिखा। ट्रेन के बिलासपुर रेलवे स्टेशन में पहुंचने के बाद महिला यात्री अरूणा देवी ने चोरी की शिकायत जीआरपी में की। जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर खोजबीन शुरु कर दिया। ढ़ाई माह बाद जीआरपी को कॉल डिटेल से महिला चोर के लोकेशन की जानकारी मिली। मौके पर पहुंचकर जीआरपी ने महिला आरोपी को पकड़कर पूछताछ किया। आरोपी महिला चिल्फी मुंगेली निवासी हीरामनी पात्रे पति निर्मल पात्रे 26 साल ने बताया कि वह कमाने खाने के लिए सतना गई थी और रींवा-बिलासपुर में स्लीपर कोच से वापस आ रही थी।



आरोपी महिला।

करगी रोड स्टेशन में उतरते समय उसने बैग रख लिया। जीआरपी ने पूछताछ के बाद महिला आरोपी के पास से जेवरात, नकद और अन्य सामान जब्त कर धारा 305 (सी) के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।





स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411